## खबर संक्षेप

### कुएं में डूबने से 6 वर्षीय मासूम की मौत



**शहडोल।** जिले के सिंहपुर थाना क्षेत्र के कठौतिया गांव के अमहा टोला में रविवार को दर्दनाक हादसा हो गया। घर के पास स्थित कुएं में डूबने से 6 वर्षीय मासूम किसन बैगा पिता भगत लाल बैगा की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, बच्चा खेलते-खेलते घर के पास स्थित कुएं तक पहुंच गया और उसमें गिरने से डूब गया। काफी देर तक जब वह घर और आस-पास नहीं मिला तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान कुएं में देखने पर बच्चे का शव दिखाई दिया। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। जानकारी मिलते ही सिंहपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकलवाया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। प्रथम दृष्टया मामला दुर्घटनावश कुएं में डूबने का माना जा रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे पर कांग्रेस का विजय मार्च



**शहडोल।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा शनिवार को जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी के नेतृत्व में रघुराज स्कूल से गांधी चौक तक विजय मार्च निकाला गया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को छात्रों के संघर्ष, सत्य, लोकतंत्र तथा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के दृढ़ नेतृत्व की जीत बताते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं, छात्र-युवाओं एवं आमजन ने उत्साहपूर्वक मार्च में भाग लिया।जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा देश के लाखों युवाओं, छात्रों और लोकतांत्रिक मूल्यों की जीत है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक मंत्री का इस्तीफा नहीं, बल्कि उन विद्यार्थियों के लंबे संघर्ष का परिणाम है जिन्होंने अपने भविष्य के साथ हुए अन्याय के विरुद्ध लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाई। कांग्रेस का संघर्ष केवल सत्ता परिवर्तन के लिए नहीं, बल्कि व्यवस्था परिवर्तन और देश के युवाओं के सुरक्षित भविष्य के लिए है। उन्होंने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने संसद से लेकर सड़क तक लगातार छात्रों की आवाज बुलंद की और हर मंच पर उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ी। कांग्रेस पार्टी शुरू से ही छात्रों के साथ मजबूती से खड़ी रही है और आगे भी उनके हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करती रहेगी।

श्री अवस्थी ने कहा कि पेपर लीक जैसी घटनाएं केवल परीक्षा प्रणाली की विफलता नहीं हैं, बल्कि देश के युवाओं के सपनों और उनके विश्वास पर सीधा प्रहार हैं। जब मेहनत करने वाले विद्यार्थियों का भविष्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता है, तब पूरे देश का भविष्य प्रभावित होता है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि परीक्षा प्रणाली को पूर्णतः पारदर्शी, जवाबदेह एवं सुरक्षित बनाने के लिए कठोर एवं प्रभावी कानून लागू किए जाएं, ताकि भविष्य में किसी भी छात्र का जीवन और करियर ऐसे अपराधों से प्रभावित न हो। उन्होंने मांग की कि पेपर लीक प्रकरण से आहत होकर आत्महत्या करने वाले 21 छात्रों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।

### 1 लाख का कर्ज देकर हड़प लिया 13 लाख में मकान!

# शहडोल में सूदखोरों की बलि चढ़ा युवक

**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय इन दिनों अवैध ब्याज माफिया और सूदखोरों की खूनी जकडन्न में पिस रहा है। मजबूरी में लिया गया चंद पैसों का कर्ज यहां लोगों की जिंदगियों पर भारी पड़ रहा है। रेलवे स्टेशन और आसपास की कॉलोनियों में बेखौफ होकर चल रहा यह काला धंधा अब मासूमों की बलि लेने लगा है। बीते दिनों किरण टॉकीज के पास, वार्ड नंबर 24/31 निवासी 32 वर्षीय होनहार युवक नितिन गुप्ता द्वारा अपनी ही प्रिंटिंग प्रेस में खुद को आग लगाकर आत्मदाह कर लेने की रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना ने पूरे शहर की अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया है।

### रेलवे कर्मचारी पत्नी और गुर्गों का खूनी सिंडिकेट

जांच के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी राकेश यादव, उसकी रेलवे कर्मचारी पत्नी सरिता यादव और नितिन चौरसिया उर्फ सोनू को गिरफ्तार कर बीएनएस की धारा 108 और 61(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि एक सरकारी नौकरी करने वाली महिला, महिला का पति और उसके गुर्गे शहर में खुलेआम ऐसा संगठित अपराध चला रहे थे और खाकी को भनक तक नहीं लगी, वसूली के लिए पाले गए ये गुंडे जरूरतमंदों को धमकाकर उनकी जिंदगियां और जायदादें निगल रहे हैं।




### कड़क कप्तानों के जाते ही खाकी का खौफ खत्म

शहर में यह चर्चा आम है कि जब पूर्व एसपी अवधेश गोस्वामी का कार्यकाल था, तब सूदखोरों की रूह कांपती थी और वे सलाखों के पीछे स सड़ रहे थे, लेकिन श्री गोस्वामी के जाते ही और पुलिसिया सुस्ती का फायदा उठाकर ये गिद्ध फिर से सक्रिय हो गए। यदि पुलिस वक्त रहते इन ब्याज माफियाओं की नकेल कसती, तो आज नितिन गुप्ता जिंदा होता। जब संभागीय मुख्यालय शहडोल में आदमी आत्मदाह करने को मजबूर है, तो दूर-दराज के देहाती इलाकों का खुदा ही मालिक है, नितिन गुप्ता की मौत सिर्फ एक खुदकुशी नहीं, बल्कि लचर व्यवस्था द्वारा कराई गई संस्थागत हत्या है।

### 1 लाख रुपये का कर्ज और ले लिया घर

15 जून को हुई इस दर्दनाक वारदात के बाद जब पुलिस के हाथ सुसाइड नोट लगा, तो सूदखोरी का खौफनाक चेहरा बेनकाब हो गया। मृतक नितिन गुप्ता ने राकेश यादव नामक सूदखोर से महज 1 लाख रुपये का कर्ज लिया था। इस रकम की एवज में ब्याज का ऐसा मायाजाल बुना गया कि दबाव बनाकर नितिन के 13 लाख रुपये में मकान और जमीन की रजिस्ट्री अपने नाम करा ली गई। कागजों में सौदेबाजी तो 13 लाख की दिखाई गई, लेकिन नितिन को एक फूटी कौड़ी भी नहीं दी गई। उल्टा, मकान खाली कराने के लिए उस पर अमानवीय मानसिक दबाव और प्रताडऩा का सिलसिला शुरू कर दिया गया। अंततः तंग आकर उस बेबस नौजवान ने मौत को गले लगा लिया।

## कप्तान ने देवलोंद के सीमावर्ती इलाकों में मारा छापा





**शहडोल।** जिले में सुस्त पड़ी पुलिसिंग को चुस्त-दुरुस्त करने और सीमावर्ती इलाकों में अवैध कारोबार चलाने वालों की नींद हराम करने के लिए शहडोल पुलिस कप्तान एक्शन मोड में आ गए हैं। जिले की कानून व्यवस्था को मुस्तैद बनाने और सीमा पार से होने वाले अवैध धंधों पर लगाम कसने के मकसद से पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय कुमार अग्रवाल ने 25-26 जुलाई की दरमियानी आधी रात को सीधे देवलोंद थाने के सरहदी इलाकों में धावा बोल दिया। रात के सन्नाटे में जब मातहत अफसर मीठी नींद सो रहे थे, तब कप्तान खुद मोर्चा संभाले हुए थे। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना देवलोंद के अति-संवेदनशील ग्राम सथनी, जनकपुर और सुखाड़ का धरातलीय जायजा लिया। इतना ही नहीं, रेत माफिया और अवैध शिकारियों के पसंदीदा ठिकाने कहे जाने वाले 'सोन घडिय़ाल अभयारण्य' क्षेत्र तथा सोन व बनास नदियों के तटों का खुद भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था को परखा। अचानक पहुंचे कप्तान को देखकर थाना प्रभारी से लेकर सिपाहियों तक के हाथ-पांव फूल गए। एसपी डॉ. संजय कुमार अग्रवाल ने थाना प्रभारी को दो टूक लहजे में कड़ा फरमान जारी किया कि क्षेत्र में पुलिस की गश्त (पेट्रोलिंग) सिर्फ कागजों पर नहीं, बल्कि जमीन पर दिखनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि संवेदनशील इलाकों में पुलिस की दृश्यता (विजिबिलिटी) बढ़ाई जाए ताकि आम जनता में सुरक्षा का अहसास हो और अपराधियों के पसीने छूटें। पुलिस अधीक्षक ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि सीमावर्ती इलाकों में चल रही हर संदिग्ध गतिविधि पर पुलिस की पैनी नजर है। अगर किसी ने भी कानून तोडऩे या अवैध कारोबार को शह देने की कोशिश की, तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। अब देखना यह है कि कप्तान की इस मिडनाइट रेड के बाद सुस्त पड़ा इन्दवार-देवलोंद बेल्ट कितना चौकस होता है।

## युवाओं में दौड़ी खुशी की लहर, जैतपुर में बनेगा नया स्टेडियम
## विधायक जयसिंह मरावी ने खेल मंत्री विश्वास सारंग को लिखा पत्र

**शहडोल।** जिले के जैतपुर विधानसभा के खेल प्रेमियों और होनहार युवाओं की बरसों पुरानी मुराद अब बहुत जल्द पूरी होने जा रही है। क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने के मकसद से क्षेत्रीय विधायक जयसिंह मरावी ने एक बड़ा और असरदार कदम उठाया है। विधायक मरावी ने मध्य प्रदेश सरकार के खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग को पत्र भेजकर जैतपुर मुख्यालय में सर्वसुविधायुक्त नवीन स्टेडियम निर्माण की पुरजोर व आधिकारिक मांग की है।



कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग को भेजे गए अपने मांग पत्र में विधायक जयसिंह मरावी ने जैतपुर के युवाओं के दर्द को बेबाकी से रखा है। उन्होंने मंत्री महोदय का ध्यान आकर्षित करते हुए स्पष्ट कहा कि जैतपुर विधानसभा क्षेत्र ग्रामीण और वनांचल अंचल से भरा पड़ा है, जहाँ एक से बढक़र एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी मौजूद हैं, लेकिन अफ़सोस की बात यह है कि आधुनिक और सर्वसुविधायुक्त खेल मैदान न होने के कारण इन युवाओं की प्रतिभा चारदीवारी और बदहाल मैदानों में ही सिमटकर रह जाती है। विधायक ने पत्र में इस बात पर भी गहरा दुख व्यक्त किया कि जैतपुर खुद एक विधानसभा मुख्यालय है, इसके बावजूद आजादी के दशकों बाद भी यहाँ एक सर्वसुविधायुक्त स्टेडियम का न होना बेहद चिंताजनक है। क्षेत्र के युवा और खेल प्रेमी लंबे समय से एक अच्छे खेल परिसर की बाट जोह रहे हैं।स्टेडियम निर्माण की पहल पर अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए विधायक जयसिंह मरावी ने कहा जैतपुर का नौजवान किसी भी मायने में बड़े शहरों के खिलाडिय़ों से कम नहीं है। युवाओं के स्वर्णिम भविष्य और उनकी खेल भावना को ध्यान में रखते हुए ही मैंने शासन के समक्ष यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया है। हमारी मांग है कि राज्य सरकार बिना किसी देरी के जैतपुर में नवीन स्टेडियम के निर्माण की प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति प्रदान करे, ताकि हमारे क्षेत्र के होनहार खिलाड़ी भी राज्य और राष्ट्रीय पटल पर जैतपुर का परचम लहरा सकें।

विधायक जयसिंह मरावी द्वारा उठाए गए इस ठोस और दूरगामी कदम के बाद से ही पूरे जैतपुर विधानसभा क्षेत्र में जबरदस्त उत्साह का माहौल है। युवा खिलाडिय़ों और खेल संगठनों ने विधायक की इस पहल का स्वागत करते हुए खुशी जाहिर की है। अब सभी की निगाहें भोपाल पर टिक गई हैं। क्षेत्रवासियों को पूरा विश्वास है कि खेल मंत्री विश्वास सारंग विधायक मरावी की इस वाजिब और बेहद जरूरी मांग पर सहानभूतिपूर्वक विचार करते हुए बहुत जल्द जैतपुर वासियों को आधुनिक स्टेडियम की बड़ी सौगात देंगे।

## न्यायालय से स्टे के बावजूद पटवारी और आरआई ने किया सीमांकन





**शहडोल।** राजस्व महकमे के नुमाइंदे जब कानून और अदालत के आदेशों को दरकिनार कर अपनी ही अदालत चलाने लगें, तो समझ लीजिए कि आम जनता का भरोसा न्याय व्यवस्था से डगमगाने लगा है। ऐसा ही एक कारनामा जिले की तहसील जयसिंहनगर अंतर्गत ग्राम टिहकी से सामने आया है, जहां पटवारी अमित पटेल और राजस्व निरीक्षक (आरआई) रामानंद तिवारी की मिलीभगत से विवादित और विचाराधीन जमीन पर बिना कब्जे के नक्शा तरमीम कर सीमांकन कर देने का गंभीर आरोप लगा है।पीड़ित शिकायतकर्ताओं अशोक तिवारी, सुशील तिवारी एवं अन्य द्वारा अनुविभागीय अधिकारी जयसिंहनगर को सौंपे गए शिकायती पत्र में बताया कि ग्राम टिहकी की आराजी खसरा नंबर 161/2 (रकबा 3.00 एकड़) पर सिविल कोर्ट में मामला विचाराधीन चल रहा है। इतना ही नहीं, न्यायालय अपर कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से 15 जनवरी 2026 को आदेश पारित करते हुए विवादित भूमि पर 45 दिनों के लिए यथास्थिति कायम करने का आदेश दिया गया था, लेकिन राजस्व अमले ने मानों अदालती आदेशों को रद्दी का टुकड़ा समझ लिया और कोर्ट के रोक के बावजूद मौके पर जाकर नियम-विरुद्ध तरीके से कार्यवाही को अंजाम दे दिया। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि पटवारी अमित पटेल द्वारा जिस जमीन पर पक्षकारों का कब्जा ही नहीं था, वहां गलत तरीके से नक्शा तरमीम कर दिया गया। इसी गलत तरमीम को आधार बनाकर आरआई रामानंद तिवारी ने मौके पर पहुंचकर सीमांकन की औपचारिकता भी पूरी कर दी। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि जिस जगह कब्जा था, वहाँ वर्षों पहले (सन् 2012-13 में) भू-थिसली का भी लाभ लिया जा चुका था, लेकिन राजस्व अधिकारियों ने वास्तविक कब्जे और जमीनी हकीकत की अनदेखी कर एकतरफा मेहरबानी दिखाई। पीड़ित अशोक तिवारी, सुशील तिवारी, विजेंद्र तिवारी एवं हीरालाल तिवारी ने एसडीएम जयसिंहनगर के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए पूरे मामले में तुरंत दखल देने की मांग की है। पीड़ितों ने मांग की है कि नियम-विरुद्ध की गई तरमीम और सीमांकन की कार्यवाही को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए तथा न्यायालयीन आदेशों की अवहेलना करने वाले दोषी पटवारी और आरआई के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।

### इनका कहना है...

06 जुलाई को सीमांकन का आदेश हुआ था, गठित टीम द्वारा सीमांकन किया गया कहीं हमारी गलती नहीं है।

**रामनंद तिवारी**
**आरआई, जयसिंहनगर**




### जयसिंहनगर के बाद ब्यौहारी के स्कूल में बच्चों से मजदूरी

**शहडोल।** जिले के सरकारी स्कूलों में पढ़ेगा इंडिया, तभी तो बढ़ेगा इंडिया का नारा सिर्फ कागजी दीवारों पर पुता रह गया है, जमीनी हकीकत में तो नौनिहालों के हाथों में कलम की जगह झाड़ू थमा दी गई है। जयसिंहनगर के बाद अब ब्यौहारी जनपद के शासकीय प्राथमिक विद्यालय कोलान कुआं की बदहाली का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वीडियो देखकर साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि सरकार से हर महीने मोटा वेतन उठाने वाले गुरुजी बच्चों को ज्ञान नहीं, बल्कि सफाई का हुनर सिखाकर भावी भारत का निर्माण कर रहे हैं।वायरल वीडियो में मासूम बच्चे स्कूल ड्रेस में कक्षा की चौखट और परिसर में झाड़ू लगाते नजर आ रहे हैं। मासूमों का दर्द सुनेंगे तो कलेजा कांप उठेगा। छात्रों का आरोप है कि यह कोई एक दिन की मजबूरी नहीं, बल्कि उनका रोज का डेली रूटीन बन चुका है। रोज सुबह स्कूल का



ताला खोलने से लेकर पूरे परिसर को चमकाने की जिम्मेदारी इन छोटे-छोटे बच्चों के कंधों पर डाल दी गई है और गुरुजी दिन के 11 बजे से पहले महाशय के दर्शन तक नहीं होते। जब तक मास्टर साहब पधारते हैं, तब तक पढ़ाई का अमूल्य समय झाड़-पोंछे की बलि चढ़ चुका होता है। अभी दो दिन ही तो बीते हैं जब जयसिंहनगर जनपद की मसियारी ग्राम पंचायत के सरकारी स्कूल से भी बच्चों से बाल-मजदूरी कराने का वीडियो सामने आया था। उस मामले की कागजी जांच का घोंघा अभी रेंग ही रहा था कि ब्यौहारी से दूसरा शर्मनाक कारनामा सामने आ गया। एक के बाद एक वायरल हो रहे ये वीडियो गवाही दे रहे हैं कि शहडोल के दूरदराज इलाकों में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह वेंटिलेटर पर है और प्रशासनिक निगरानी पूरी तरह से लकवाग्रस्त हो चुकी है। ग्रामीणों का आक्रोश अब सातवें आसमान पर है। स्थानीय लोगों का सीधा सवाल है कि अगर बच्चों को पढ़ाई के समय झाड़ू ही लगाना है और मास्टर साहब को 11 बजे ही आना है, तो फिर इन स्कूलों के नाम पर करोड़ों का बजट किसलिए बहाया जा रहा है? हर बार की तरह इस बार भी शिक्षा विभाग के आला अफसर वही रटा-रटाया बयान जारी कर रहे हैं कि मामला संज्ञान में आया है, जांच कराई जा रही है, लेकिन सवाल यह है कि जांच की इस कछुआ चाल के बीच मासूमों के भविष्य से जो खिलवाड़ हो रहा है, उसका हिसाब कौन देगा?

## सचिव ने किसान का फोड़ा सिर, शहडोल रेफर, एफआईआर से कतराई पुलिस




**शहडोल।** पद का नशा और सरकारी कुर्सी की गर्मी जब दिमाग पर हावी हो जाए, तो कानून का खौफ किस कदर हवा हो जाता है, इसका खूनी नजारा जैतपुर थाना क्षेत्र के टिकुरी गांव में देखने को मिला। यहां खोडरी पंचायत के सचिव ने खाकी और पद के रसूख के नशे में अंधे होकर एक निरपराध किसान परिवार पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला बोल दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल किसान मौत से जूझ रहा है और शहडोल रेफर किया गया है, लेकिन जैतपुर पुलिस का दिल है कि पसीजने का नाम ही नहीं ले रहा।

जानकारी के मुताबिक, रसमोहनी निवासी किसान सतेंद्र सिंह बरगाही की टिकुरी गांव स्थित जमीन को लेकर पंचायत सचिव पुरन लाल साहू से विवाद चल रहा है। आरोप है कि सत्ता और पद की धौंस में चूर सचिव पुरन लाल साहू अपने लाव-लश्कर—पत्नी और सुपुत्र के साथ किसान के खेत पर आ धमके और खड़ी फसल के बीच जबरन ट्रैक्टर का इंजन खड़ा कर दिया। जब किसान सतेंद्र सिंह ने इस दादागिरी का विरोध किया, तो सचिव परिवार ने बिना सोचे-समझे लाठी-डंडों से किसान पर ताबड़तोड़ वार शुरू कर दिए। बीच-बचाव करने पहुँची किसान की पत्नी और बेटे रोहित को भी लहूलुहान कर दिया गया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी धमकी देते हुए मौके से रफूचक्कर हो गए।

घटना के बाद खून से लथपथ सतेंद्र को डायल-112 की मदद से जैतपुर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने तत्काल शहडोल जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हद तो तब हो गई जब पीड़ित का बेटा न्याय की गुहार लगाने जैतपुर थाने पहुंचा। आरोप है कि पुलिस ने साहब का ओहदा देखते ही अपनी आंखें मूंद लीं। एफआईआर दर्ज कर आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजने के बजाय पुलिस ने पहले इलाज कराओ का बहाना बनाकर पीड़ित को थाने से टरका दिया।

### इनका कहना है...

दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। घायलों को पहले इलाज कराने की सलाह दी गई थी। बिजली बाधित होने के कारण एफआईआर की प्रक्रिया बीच में रुक गई थी, लेकिन बिजली आने के बाद प्रकरण दर्ज कर लिया गया।

**जय प्रकाश शर्मा**
**थाना प्रभारी, जैतपुर**

## खबर संक्षेप

### 30 जुलाई को स्टैंडिंग कमेटी की बैठक

**उमरिया।** नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का अंतिम प्रकाशन 30 जुलाई को किया जाएगा। इस संबंध में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक 30 जुलाई को दोपहर 12 बजे से कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में आयोजित की गई है। बैठक में समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियो से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है।

### 30 जुलाई को सामान्य सभा एवं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक

**उमरिया।** जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति एवं सामान्य सभा की बैठक 30 जुलाई को अपरान्ह 1 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष मे आयोजित की गई है। बैठक में सर्व संबंधितों से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है।

### जिले में गत 24 घंटे में 19.5 मिमी वर्षा दर्ज


**उमरिया।** अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि गत 24 घंटे में 19.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। बांधवगढ़ तहसील में 15.8 मिमी, मानपुर तहसील में 8.4 मिमी, पाली तहसील में 61.2 मिमी, नौरोजाबाद तहसील में 26.8 मिमी, चंदिया में 8.1 मिमी, करकेली तहसील में 12.8 मिमी, बिलासपुर तहसील में 3.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 1 जून से लेकर 22 जुलाई तक 383.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई है जिसमें बांधवगढ़ तहसील में 519.2 मिमी, मानपुर तहसील में 267.7 मिमी, पाली तहसील में 454 मिमी, नौरोजाबाद तहसील 406 मिमी, चंदिया तहसील में 287.5 मिमी, करकेली तहसील में 458.4 मिमी, बिलासपुर तहसील में 291.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि तक 746.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी जिसमें बांधवगढ़ तहसील में 686.7 मिमी, मानपुर तहसील में 771.3 मिमी, पाली तहसील में 689.9 मिमी, नौरोजाबाद तहसील 680.8 मिमी, चंदिया तहसील में 854.1 मिमी, करकेली तहसील में 689.6 मिमी, बिलासपुर तहसील में 845.2 मिमी वर्षा शामिल है।

### सर्पदंश से 80 वर्षीय वृद्धा की मौत, घर में सोते समय जहरीले सांप ने काटा



**कोतमा।** थाना क्षेत्र के बुढानपुर पतेरा टोला गांव में शनिवार शाम सर्पदंश से एक 80 वर्षीय वृद्धा की मौत हो गई। मृतका की पहचान पंचुइया चौधरी (80), पति गट्टा चौधरी, के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, पंचुइया चौधरी घर में तख्त पर सो रही थीं। इसी दौरान एक जहरीले सांप ने उनकी पीठ पर काट लिया। शोर सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और देखा कि वृद्धा को सांप ने डंस लिया है। सर्पदंश के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने सर्प प्रहरी हरिवंश पटेल को सूचना दी। उन्होंने काफी मशक्कत के बाद सांप को सुरक्षित पकड़कर जंगल में छोड़ दिया। वहीं सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामले की आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

### मुख्य सड़क किनारे पड़ा मलबा बना हादसों की वजह, राहगीरों को हो रही परेशानी



**कोतमा।** नगर के बनिया टोला से केरहा नाला तक नगर सौंदर्यीकरण के तहत बनाई गई मॉडल सड़क पर इन दिनों सड़क किनारे पड़ा नाले का मलबा लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। नगर पालिका द्वारा बारिश के दौरान जल निकासी सुचारु रखने के लिए नाले की सफाई तो कराई गई, लेकिन सफाई से निकला कचरा और मलबा मुख्य सड़क के किनारे ही छोड़ दिया गया। सड़क किनारे मलबा जमा होने से मार्ग संकरा हो गया है, जिससे दोनों ओर से गुजरने वाले वाहनों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों को हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही मलबा नहीं हटाया गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

## बच्चों की थाली पर डाका

# लखनौटी के स्कूल में पानी वाली सब्जी और जली पूरी












**मानपुर।**

शासन की योजनाएं कितनी ही लुभावनी क्यों न हों, लेकिन जब बात जमीनी हकीकत की आती है, तो मानपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत लखनौटी का एकीकृत शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय इसका एक जीता-जागता और शर्मनाक नमूना पेश करता है। यहां बच्चों के निवाले पर खुल्लम-खुल्ला डाका डाला जा रहा है और मीनू सिर्फ दीवारों की शोभा बढ़ाने वाला एक बेजान कागज का टुकड़ा बनकर रह गया है।

### बदहाली का सामान्य खेल

मध्य प्रदेश सरकार ने बड़े-बड़े दावों के साथ मंगलवार का दिन बच्चों और आंगनवाड़ी के नौनिहालों के लिए विशेष पोषण दिवस घोषित कर रखा है। कागजों में नियम हैं कि इस दिन बच्चों को हलवा, पूरी, खीर, लजीज सब्जी और पापड़ परोसा जाएगा। लेकिन लखनौटी के इस एकीकृत विद्यालय में मंगलवार को जो पोषण परोसा गया, उसे देखकर किसी भी संवेदनशील इंसान का खून खौल उठेगा। यहां हलवे के नाम पर क्या था, यह तो बनाने वाले ही जानें, लेकिन पूडिय़ाँ ऐसी परोसी गईं जो कड़ाही में नहीं, शायद लापरवाही की आग में जलकर कोयला हो चुकी थीं। अब बात करें सब्जी की—तो यहां आलू-रसदार का एक नया ही आविष्कार देखने को मिला, जहां आलू का एक टुकड़ा ढूंढने के लिए पानी के समंदर में गोता लगाना पड़े, आलू अलग तैर रहा था और पानी अपनी अलग राह नाप रहा था। स्वाद और गुणवत्ता का दूर-दूर तक कोई नाता नहीं था।

### मासूमों की सेहत से खिलवाड़, कौन जिम्मेदार

सरकार हर साल बच्चों के कुपोषण को दूर करने और उन्हें पोषण युक्त भोजन देने के नाम पर लाखों-करोड़ों रुपये पानी की तरह बहा रही है। लेकिन लखनौटी में यह सरकारी पैसा बच्चों के पेट में जाने के बजाय स्व-सहायता समूह और जिम्मेदार तंत्र की लापरवाही की बलि चढ़ रहा है। जली हुई पूडिय़ां और पानी से छक-छक करती सब्जी खाकर बच्चे सेहतमंद बनेंगे या बीमार पड़ेंगे, इसका जवाब शायद किसी प्रशासनिक अफसर के पास नहीं है। मीनू के अनुसार खाना न बनाना और घटिया सामग्री का इस्तेमाल करना अब यहां की नियति बन चुका है। बच्चों को मिलने वाले हक के निवाले को जिस बेरहमी से छीना जा रहा है, वह सिर्फ प्रशासनिक नाकामी नहीं, बल्कि एक नैतिक अपराध है।

### जरा इधर भी रुख कीजिए साहब

जिले की कमान संभाल रहीं कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय से अब लखनौटी की जनता और अभिभावकों को ही अंतिम उम्मीद नजर आ रही है। ग्रामीणों और जनापेक्षाओं का स्पष्ट कहना है कि इस विद्यालय का तत्काल औचक निरीक्षण किया जाए। केवल कागजी खानापूर्ति या चेतावनी देकर मामला दबाने के बजाय, बच्चों के निवाले पर डाका डालने वाले दोषियों पर ऐसी दंडात्मक कार्रवाई की जाए जो मिसाल बने। जिस समूह के पास इस भोजन को बनाने की जिम्मेदारी है, उसे तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर काम किसी अन्य जिम्मेदार समूह को सौंपा जाए।

# नियम विरुद्ध पैथोलॉजी का हो रहा संचालन कटघरे में अधिकारियों की कार्य प्रणाली

**मानपुर।** एक तरफ जहां सबसे मानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का हाल बेहाल है वहीं दूसरी तरफ झोलाछाप डॉक्टरों की वजह से मरीजों की जान आफत में है न केवल डॉक्टर बल्कि पैथोलॉजी और एक्सरे का बोर्ड लगाकर पूरे मानपुर जनपद पंचायत के ग्राम चिल्हारी में फर्जी वाडे का खेल चल रहा है, झुग्गी झोपड़ी तक में डॉक्टरों के बोर्ड लगे हुए हैं जहां मरीजों का आर्थिक शोषण जारी है मांनपुर मुख्यालय के ग्राम चिल्हारी में सेवा पैथोलॉजी विष्णुकांत यादव के द्वारा ही खून जांच सहित अन्य जांचों के नाम पर टेक्निसयनो ने दुकान खोल रखी है




### मरीजों पर आर्थिक दबाव

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर से लगे ग्राम चिल्हारी सहित आसपास कई पैथोलॉजी चिकित्सकों के सहारे चल रही हैं, अधिकांश मरीजो को रक्त अन्य जांच करने के लिए मजबूर कर देते हैं, जहां जरूरत ना हो वहां भी पैथोलॉजी जांच करना अब चिकित्सकों की आदत बन गई है, जिससे आर्थिक दबाव मरिज पर पड़ती है मानपुर जंनपद मुख्यालय से लगे विष्णु कांत यादव सेवा पैथोलॉजी नामक के नाम से पैथोलॉजी का संचालन धड़ल्ले से किया जा रहा है जो नियमों के विपरीत संचालित हो रही है लेकिन जिम्मेदार जानकर भी अनजान हैं।

### किराए की डिग्री

स्वास्थ्य विभाग ने जिले में संचालित पैथोलॉजी लैबों को खुली छूट दे रखी है सुप्रीम कोर्ट के नए नियम के अनुसार पैथोलॉजी लैब चलाने के लिए अब सिर्फ एमडी पैथोलॉजिस्ट ही मान्य होंगे, लेकिन इसके उलट बी फार्मा वा गायनोकोलॉजी डिग्री वाले लैव चला रहे हैं, सूत्रों की माने तो कथित लैब संचालक द्वारा लगाई गई डॉक्टर की डिग्री किराए पर लेकर संचालित की जा रही है खबर है कि उक्त डाक्टर की डिग्री के द्वारा कई पैथोलॉजी संचालित हो रही है

### यह कहती है गाइडलाइन

मध्य प्रदेश शासन व इंडियन मेडिकल काउंसिल के प्रावधानों के अनुसार नियमानुसार पैथोलॉजी लैब का संचालन नहीं करने पर संचालकों को पर एफ आई आर करने के साथ कानूनी धाराएं लगाकर कार्यवाही करने का प्रावधान है वहीं सुप्रीम कोर्ट और मेडिकल काउंसिल के अनुसार मेडिकल साइंस में विशेषज्ञ भी वही कहलाएगा जो एमबीबीएस के बाद पीजी डिग्री या डिप्लोमा धारी हो स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर अवैध लैब को प्रतिबंधित करने कितने कारगर कदम उठाए गए हैं यह लैव के संचालन तथा विभाग के दस्तावेजों को देखकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है

### जिम्मेदार मीटिंग में व्यस्त

मानपुर जनपद पंचायत के ग्राम चिल्हारी में विष्णु कांत यादव नामक सेवा पैथोलॉजी सहित अन्य ग्रामीण अंचलों में नियमों के विपरीत पैथोलॉजी का संचालन हो रहा है इसके अलावा झोलाछाप सहित अन्य किसी बात को लेकर स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार जवाब देने से बचने के लिए नए-नए बहाने निकालते रहते हैं जब इस संबंध में बीएमओ मानपुर एनपी जैसल से संपर्क कर जानकारी चाहने की कोशिश की गई तो उनके द्वारा फोन उठाना ही उचित नहीं समझ गया।



### अस्पताल जाने वाले मार्ग में बदहाल यातायात व्यवस्था के सुधार किए जाने की मांग

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह से बेपटरी हो गई है। स्थानीय प्रशासन की उदासीनता के कारण नगर में प्रतिदिन जगह-जगह घंटो जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। आलम यह है कि प्रशासन ध्यान ही नही दे रहा है। जिसके कारण आम नागरिकों को अव्यवस्था का शिकार होना पड़ रहा है। रविवार को भी सड़क के दोनों तरफ वाहन खड़े होने के कारण घंटों जाम की समस्या से जूझना पड़ा। नगर के वार्ड क्रमांक 4 मे स्थित मुक्ति धाम के पास थोक सब्जी विक्रेताओं के द्वारा दुकाने संचालित की जा रही है। थोक सब्जी दुकानदारों का हाल यह है कि सुबह 7 बजे से ही सड़क के दोनों ओर बड़े वाहन खड़े करवा दिए जाते हैं उसके बाद सड़क पर ही दो पहिया वाहन खड़े हो जाते हैं। जिसके कारण प्रतिदिन घंटो जाम की स्थिति बन जाती है। यह हाल कोई एक दिन का नहीं है रोजाना का हाल यही है। जबकि थोक सब्जी मंडी के रास्ते से ही होकर नगर पालिका कार्यालय, अस्पताल, छात्रावास, कन्या स्कूल के लिए बच्चे आना-जाना करते हैं। सुबह स्कूल जाने वाली बसों का भी आना-जाना बना रहता है। अस्पताल से मरीज को लाने ले जाने का कार्य भी एंबुलेंस के द्वारा किया जाता है। लेकिन बदहाल यातायात के कारण आम नागरिक परेशान हो रहे हैं। अव्यवस्थित आवागमन होने के कारण स्थित यह निर्मित हो जाती है कि लोगों को पैदल भी चलना मुश्किल हो जाता है। यहां तक की कई बार तो शव वाहन को भी जाम की समस्या से दो चार होना पड़ता है जबकि नगर पालिका प्रशासन के द्वारा नगर के वार्ड क्रमांक 3 में सब्जी मंडी का निर्माण लाखों रुपए खर्च करके किया गया है उसके बावजूद भी थोक सब्जी विक्रेताओं के द्वारा दूसरे जगह दुकान संचालित किया जा रहा है। आम नागरिकों ने प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से नगर के वार्ड क्रमांक 4 मुक्तिधाम के पास अस्पताल जाने वाले मार्ग में बदहाल यातायात व्यवस्था के सुधार कार्य कराए जाने की मांग की है।

# संतों के सान्निध्य में विद्यार्थियों ने सीखे संस्कार, संस्कृति और राष्ट्र निर्माण के मंत्र

## महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद एवं स्वामी ज्योतिर्मयानंद ने कहा चरित्रवान और संस्कारित युवा ही बनाएंगे सशक्त भारत



**अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक स्थित कल्याणिका केंद्रीय शिक्षा निकेतन में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, संस्कार, नैतिक मूल्यों, भारतीय संस्कृति और राष्ट्र निर्माण की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से प्रेरणादायी मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। संतों के सान्निध्य में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ चरित्र निर्माण, अनुशासन, सेवा, समर्पण और राष्ट्रभक्ति का महत्व समझाया गया। कार्यक्रम में उदासीन परंपरा के महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद महाराज एवं प्रख्यात कथा वाचक स्वामी ज्योतिर्मयानंद महाराज ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का आयोजन सद्गुरुदेव परम तपस्वी बाबा कल्याण दास महाराज की पावन प्रेरणा तथा उनके परम कृपा पात्र, कल्याणिका पब्लिक स्कूल एवं श्री कल्याण सेवा आश्रम के न्यासी स्वामी हिमाद्री महाराज के मार्गदर्शन में किया गया। संतों के प्रेरक उद्बोधनों से विद्यालय परिसर आध्यात्मिक चेतना और सकारात्मक ऊर्जा से सराबोर रहा।

### शिक्षा के साथ संस्कार भी जरूरी-स्वामी विश्वेश्वरानंद

महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद महाराज ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी राष्ट्र का भविष्य उसकी युवा पीढ़ी के चरित्र, संस्कार और संस्कृति से तय होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से माता-पिता, गुरुजनों और भारतीय परंपराओं का सम्मान करने तथा सत्य, सेवा और सदाचार के मार्ग पर चलने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि केवल किताबी ज्ञान ही शिक्षा की पूर्णता नहीं है, बल्कि शिक्षा के साथ उत्तम चरित्र और संवेदनाओं का विकास होना भी आवश्यक है।

### युवा ही राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत-स्वामी ज्योतिर्मयानंद

स्वामी ज्योतिर्मयानंद जी महाराज ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि भारत का भविष्य आज की युवा पीढ़ी के हाथों में है। शिक्षा को केवल रोजगार प्राप्त करने का माध्यम न मानते हुए इसे राष्ट्र निर्माण का सशक्त साधन बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासित जीवन, आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और नैतिक मूल्यों को अपनाकर आगे बढ़ने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि संस्कारित और चरित्रवान विद्यार्थी ही सशक्त, समृद्ध एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माता बनेंगे।

### विद्यार्थियों ने लिया आदर्शों पर चलने का संकल्प

संतों के उद्बोधन के दौरान विद्यार्थियों ने पूरे अनुशासन और ध्यानपूर्वक उनके विचारों को सुना। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा और प्रेरणा से भर गया। विद्यार्थियों ने संतों द्वारा बताए गए जीवन मूल्यों को आत्मसात करते हुए अपने जीवन में अनुशासन, संस्कार, सेवा और राष्ट्रहित की भावना को अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर स्वामी राघवानंद, विद्यालय के प्रधानाचार्य कमलेश मिश्रा, सुभाष गुप्ता, श्री कल्याण सेवा आश्रम से राजेंद्र बिष्ट एवं विनोद कार्की सहित विद्यालय के शिक्षकगण, स्टाफ सदस्य और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर राजेंद्र बिष्ट ने विद्यालय परिवार की ओर से पूज्य संतों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रेरणादायी आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण के साथ उनमें भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और राष्ट्रसेवा की भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय परिवार की ओर से संतों का अभिनंदन कर उनके प्रति श्रद्धा एवं कृतज्ञता व्यक्त की गई।

# अपनी ही जमीन पर लाठी खाए पति-पत्नी बेखौफ घूम रहे आरोपी, क्या सो रही है पुलिस

**मानपुर।**



कानून व्यवस्था और पुलिसिया मुस्तैदी के दावे कागज पर कितने ही मजबूत दिखते हों, लेकिन मानपुर जनपद के मुगवानी गाँव में जो हुआ, वह व्यवस्था के मुँह पर करारा तमाचा है। यहाँ दबंगों का दुस्साहस इस कदर बुलंद है कि खून बहाकर भी वे खुलेआम घूम रहे हैं और पुलिस निष्पक्ष कार्रवाई करने के बजाय शायद किसी 'शुभ मुहूर्त' का इंतजार कर रही है।

### मामूली बाड़ी लगाने पर फूटा सिर

घटना बीती 21 जुलाई की है, जब पीड़िता कुसुम चतुर्वेदी अपने पति केशव चतुर्वेदी के साथ अपनी ही निजी जमीन पर बाड़ी (घेराबंदी) लगा रही थीं। तभी पड़ोस में रहने वाले संबंधी—राजेन्द्र चतुर्वेदी और उसका बेटा वीरेश चतुर्वेदी, एक राय होकर लाठी-डंडों से लैस होकर आ धमके। गाली-गलौज करते हुए आरोपियों ने सीधे सिर पर जानलेवा वार कर दिया। दंपति लहू-लुहान होकर बचाओ-बचाओ चिल्लाते रहे, लेकिन हमलावर उन्हें जान से मारने की धमकी देकर बड़े आराम से चंपत हो गए।

### थाने पहुंचे पीड़ित, पर 'सुस्त' निकली खाकी

खून से लथपथ हालत में पीड़ित पति-पत्नी न्याय की उम्मीद लेकर इन्दवार पुलिस थाने पहुँचे। लेकिन हद तो तब हो गई जब पीड़ितों का आरोप है कि पुलिस ने उनकी पूरी बात सुनने के बजाय रिपोर्ट को अपने हिसाब से 'हल्का' कर दिया। घटना के इतने दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी पुलिस के नाक के नीचे बेखौफ घूम रहे हैं, मानों उन्हें कानून का कोई खौफ ही न हो।

### एसपी साहब! आखिर कब जागेगा इन्दवार थाना

अब सवाल यह उठता है कि क्या पुलिस किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रही है? पीड़ितों ने उमरिया जिला पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष विवेचना कराई जाए। आरोपियों को तत्काल सलाखों के पीछे भेजा जाए ताकि कानून का इकबाल कायम हो सके, वर्ना जनता का बचा-कुचा भरोसा भी इस लचर व्यवस्था से उठ जाएगा।

## खबर संक्षेप

### चाकू की नोक पर युवक से नकदी लूटी, मोबाइल तोड़ा

**कटनी।** रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र में सरेराह लूट की वारदात हुई। बेखौफ बदमाशों ने एक युवक को रोककर उसकी गर्दन पर धारदार चाकू अड़ा दिया और जान से मारने की धमकी देकर लूटपाट की। जानकारी के अनुसार फरियादी दीपक कुमार साहू 25 वर्ष निवासी ग्राम बोरी, थाना शाहनगर हाल कुठला थाना क्षेत्र के पुरैनी में रह रहा है। बीती रात लगभग 10:40 बजे रंगनाथ नगर स्थित लक्ष्मी पान भंडार के पास से गुजर रहा था। इसी दौरान स्थानीय आरोपी अभिषेक और उसके एक अन्य साथी ने एक राय होकर दीपक का रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने पहले तो पीड़ित के साथ बिना किसी उकसावे के गालियां दीं और रंगदारी मांगी। जब पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसकी गर्दन पर चाकू अड़ा दिया और जबरन जेब में रखे 1,200 नगद निकाल लिए तथा ब्लूटूथ हेडफोन भी छीन लिया। लूटपाट करने के बाद भी जब बदमाशों का मन नहीं भरा, तो उन्होंने पीड़ित दीपक का मोबाइल फोन छीनकर जमीन पर पटक दिया, जिससे वह पूरी तरह टूट गया। इसके बाद आरोपियों ने किसी को भी घटना की जानकारी देने पर जान से खत्म करने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने रंगनाथ नगर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। फरियादी की रिपोर्ट पर मामला पंजीकृत किया गया है।

### 10 मवेशी और 7 श्वानों को हांका टीम ने पकड़ा

**कटनी।** नगर को स्वच्छ, सुरक्षित और सुगम बनाने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम कटनी की हांका टीम का अभियान तेज कर दिया गया है। घुमंतू पशुओं के कारण सड़कों पर होने वाली असुविधा और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए विगत दिवस निगम द्वारा मवेशियों को पकड़ने वृहद पकड़ अभियान चलाया गया। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि अभियान के दौरान टीम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों मुड़वारा स्टेशन के पास, डन कालोनी बरगवां, कोतवाली तिराहा माधवनगर गेट के पास चलाए अभियान के दौरान 10 गाय-बैल और वार्ड क्रमांक 32 सुजीत वंशकार सहित बरही रोड़ सोना बाझल गली में अभियान चलाकर 7 श्वानों को पकड़ा गया। पकड़े गए सभी 10 मवेशियों को कांजी हाउस तथा 7 श्वानों को एबीसी सेंटर भेजने की कार्यवाही की गई। निगम प्रशासन का कहना है कि घुमंतू मवेशियों के कारण मुख्य मार्गों पर जाम और दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। साथ ही खुले में घूमने वाले श्वानों से भी नागरिकों को परेशानी होती है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए यह अभियान नियमित रूप से चलाया जाएगा ताकि शहर में सुगम यातायात और सुरक्षित वातावरण बना रहे।

### विशंभर मिश्रा का निधन

**विजयराघवगढ़।** नगर के वार्ड क्रमांक 10 बिहारी जू वार्ड निवासी भाजपा जिला महामंत्री मनीष मिश्रा के दादा एवं पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष बसुधा मिश्रा के दादा ससुर विशंभर प्रसाद मिश्रा 98 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। शव यात्रा उनके निज निवास वार्ड क्रमांक 10 से स्थानीय मुक्तिधाम में पहुंची जहां क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों संबंधी जनों परिवार जनों एवं क्षेत्रीय जनों के साथ मुक्ति धाम में पहुंच कर विधि विधान से नंदकुमार मिश्रा द्वारा अपने पिता को मुखाग्नि दी गई। शोकसभा को संबोधित करते हुए सुरेंद्र दुबे द्वारा उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया। उपस्थित जनों द्वारा 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने ईश्वर से प्रार्थना की।

### जिले में अब तक 321.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में 1 जून से 25 जुलाई तक कुल 321.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। विदित हो कि पिछले आलोच्यव अवधि के दौरान जिले में 632.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस अवधि के दौरान रीठी तहसील में रिकार्ड 830.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जबकि इस वर्ष जिले में इस अवधि के दौरान सबसे अधिक औसत वर्षा तहसील स्लीमनाबाद में दर्ज की गई है।

# सिविल अस्पताल में सीबीएमओ ने व्यवस्थाओं को किया दुरुस्त

विकासखंड व्यवहारी के अंतर्गत सिविल हॉस्पिटल व्यवहारी अपनी अच्छी व्यवस्थाओं के लिए जाना जा रहा है कारण यह है कि यहां पदस्थ सीबीएमओ डॉ निशांत सिंह परिहार द्वारा अस्पताल की हर एक व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया गया है जबकिबारिश के बाद वर्षा जनित बीमारियां तेजी से फैल रही है

**ब्यौहारी।**







इन दिनों अस्पताल में वायरल इंफेक्शन के मरीज बढ़ रहे हैं जिनका ब्यौहारी- हॉस्पिटल में पर्याप्त सुविधाएं मिल रही हमारे संवाददाता द्वारा 24 जुलाई को 12:30 बजे अस्पताल में पहुंच कर देखा तो डॉ अपने चेंबर में बैठे मिले, दवा वितरण कक्ष ,पैथोलॉजी, एक्स-रे विभाग में मरीजों की जांच कर समय से रिपोर्ट भी दी जा रही थी लोगों को पर्याप्त दवाई एवं जांच की सुविधा मिल रही है साफ सफाई पर विशेष ध्यान-खंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा सिविल अस्पताल की प्रत्येक वार्डों की साफ सफाई में विशेष ध्यान दिया जा रहा है अस्पताल में गंदगी का नहीं है जनता को शासन की योजनाओं का लाभ भरपूर मिल रहा है।-26/07/2026, 5:08pm - चाँद खान ब्यौहारीः मोहम्मद राजा खान का हृदय घात से हुआ निधन। ब्यौहारी-। नगर परिषद के अंतर्गत कॉन्वेंट स्कूल के पास के निवासी राजा खान का इंतकाल रात में हृदयाघात से हो गया वे मोहम्मद शकूर के पुत्र एवं मरहूम पत्रकार बशीर मोहम्मद के भतीजे थे वे राजा टेलर के नाम नाम से पूरे ब्यौहारी- में मशहूर थे उनके इंतकाल पर पूरे क्षेत्र में गमगीन माहौल है उनके इंतकाल होने पर इष्ट मित्रों एवं शुभचिंतकों ने शोक व्यक्त किया है

## शैक्षणिक गुणवत्ता और विकास कार्यों पर हुई विस्तृत चर्चा, नवाचार पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

केंद्रीय विद्यालय झिंझरी में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक शनिवार को समिति के मनोनीत अध्यक्ष एवं एसडीएम कटनी श्री प्रमोद चतुर्वेदी एवं विद्यालय के प्राचार्य डॉ. नवल किशोर पचौरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समिति के सभी सदस्यों की उपस्थिति रही। बैठक का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने मधुर स्वागत-गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का आत्मीय अभिनंदन किया। बैठक के दौरान पिछली बैठक में निर्धारित एजेंडा बिंदुओं पर हुई कार्यवाही एवं उनके क्रियान्वयन का विस्तृत प्रतिवेदन शिक्षक अमित कुमार द्वारा प्रस्तुत किया गया। मनोनीत अध्यक्ष एवं समिति के सदस्यों ने इस पर संतोष व्यक्त करते हुए आवश्यक सुझाव भी दिए। बैठक में विद्यालय की शैक्षणिक प्रगति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था, भौतिक संसाधनों के सुदृढ़ीकरण एवं अन्य विकासात्मक विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। सदस्यों ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए नवाचार अपनाने पर जोर दिया।

### नवीन भवन निर्माण और पुस्तकालय स्थापना पर चर्चा

विद्यालय के नवीन भवन निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यों को समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही विद्यार्थियों के शैक्षणिक हितों को ध्यान में रखते हुए समृद्ध पुस्तकालय की स्थापना हेतु आवश्यक प्रक्रियाओं को

# 7 दिवसीय सिविल डिफेंस प्रशिक्षण का सफल समापन

### हिमांशु तिवारी सहित प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर किया गया सम्मानित

उमरिया (म.प्र.)।

होमगार्ड विभाग, उमरिया द्वारा आयोजित 7 दिवसीय सिविल डिफेंस प्रशिक्षण का सफलतापूर्वक समापन समारोह आयोजित किया गया। समापन अवसर पर एसडीएम अम्बिकेश प्रताप सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक शर्मा तथा प्रभारी कमांडेंट एसडीईआरएफ उमरिया एवं प्लाटून कमांडर राहुल साहू की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान एसडीएम अम्बिकेश प्रताप सिंह ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए नागरिक सुरक्षा, आपदा प्रबंधन तथा आपातकालीन परिस्थितियों में सजग एवं प्रशिक्षित नागरिकों की



भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण समाज में सुरक्षा एवं सेवा की भावना को सुदृढ़ करते हैं और प्रत्येक नागरिक को आपदा के समय जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक शर्मा ने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन करते हुए अनुशासन, सेवा भावना, टीमवर्क एवं संकट की परिस्थितियों में धैर्य और तत्परता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान का उपयोग समाज एवं राष्ट्रहित में करने का आह्वान किया। प्रभारी कमांडेंट एसडीईआरएफ उमरिया एवं प्लाटून कमांडर राहुल साहू ने प्रशिक्षण का सफल संचालन करते हुए प्रतिभागियों को आपदा प्रबंधन, राहत एवं बचाव कार्य, प्राथमिक उपचार, खोज एवं बचाव तकनीक, अग्नि सुरक्षा सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक एवं तकनीकी जानकारी प्रदान की।समापन समारोह में प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में हिमांशु तिवारी को भी प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया । यह प्रशिक्षण उनके लिए केवल एक प्रमाण-पत्र नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा, समाज सेवा एवं आपदा के समय जनहित में कार्य करने का सशक्त संकल्प है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान एवं अनुभव का उपयोग वे समाजहित और नागरिक सुरक्षा से जुड़े कार्यों में सदैव करेंगे।समापन समारोह में उपस्थित अधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए आपदा प्रबंधन एवं राष्ट्रसेवा के प्रति सदैव समर्पित रहने का संदेश दिया।

### किसान 31 जुलाई तक करा सकते है फसल बीमा

**उमरिया।** कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने बताया कि खरीफ मौसम में फसलों का फसल बीमा एक जुलाई से प्रारंभ हो गया है। इस वर्ष मौसम और बारिश का चक्र प्रभावित हो रहा है। सभी किसानों को फसल बीमा करानें की सलाह दी गई है । ऋणी किसान बैंक में जाकर बुआई प्रमाण-पत्र के माध्यम से भी सभी फसलों का बीमा करायें। जिससे उन्हें विपरीत मौसमीय प्रभावों से हुई फसल हानि के दृष्टिगत शासन की ओर से मिलने वाला नियमानुसार लाभ मिल सके। कलेक्टर श्रीमती सहाय ने वर्तमान में खरीफ मौसम 2026 में अधिसूचित फसलों के लिये कृषक द्वारा देय प्रीमियम राशि सोयाबीन के लिये 850 रुपये, मक्का 722 रुपये, धान सिंचित के लिये 818 रुपये व धान असिंचित 660 रुपये तथा अरहर के लिये 740 रुपये प्रति हेक्टर निर्धारित किया है। इस संबंध में उप संचालक कृषि संग्राम सिंह मरावी ने बताया कि फसल बीमा करवाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित है। प्रधानमंत्री फसल बीमा की योजना के तहत बीमा के इच्छुक अऋणी किसान भाई अपनी निकटतम बैंक शाखा, सहकारी समिति, अधिकृत चौनल एवं जन सेवा केंद्र सी.एस.सी. एवं कृषक स्वयं भी राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल पर जाकर ऑनलाईन आवेदन कर योजना का लाभ ले सकते हैं।

## युवक से 63 लीटर अवैध शराब की जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



एनकेजे पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से करीब 63 लीटर अवैध शराब जब्त की है। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 34,560 रुपये बताई गई है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश, एएसपी कमल मौर्य एवं नगर पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रूपेन्द्र राजपूत के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार को मुखबिर से सूचना मिली कि अग्रवाल का बाड़ा, मूंगाबाई कॉलोनी रोड क्षेत्र में एक व्यक्ति अवैध शराब बिक्री के उद्देश्य से बड़ी मात्रा में शराब एकत्र कर रखा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखते ही एक व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम राज निषाद (37) निवासी बाबा घाट, थाना एनकेजे, जिला कटनी बताया। तलाशी के दौरान उसके पास रखी तीन बोरियों से 161 पाव देशी लाल मसाला, 160 पाव देशी प्लेन तथा 29 पाव अंग्रेजी गोवा शराब बरामद हुई। कुल मिलाकर लगभग 63 लीटर शराब जब्त की गई। आरोपी शराब के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।

पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर शराब जब्त कर ली। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जिला जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध पूर्व से ही 10 से अधिक आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

कार्रवाई में थाना प्रभारी एसआई रूपेन्द्र राजपूत, ,एएसआई सहपाल परतेती, प्रधान आरक्षक शैलेष दमोहिया, आरक्षक ओमशिव, अर्पित पटेल की भूमिका रही।

**नशे से दूरी अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन**

## दुष्प्रभावों की जानकारी देकर नागरिकों को नशे से दूरी बनाने किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य के मार्गदर्शन में जिलेभर में ₹नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0₹ अभियान लगातार चलाया जा रहा है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में रैली, जागरूकता कार्यक्रम, शपथ ग्रहण और प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों, श्रमिकों, ऑटो चालकों एवं आम नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया।थाना बाकल पुलिस ने पुलिस स्टाफ, कोटवार एवं नगर रक्षा समिति के सदस्यों के साथ नशामुक्ति जागरूकता वाहन रैली निकालकर लोगों से नशे से दूर रहने की अपील की।



थाना यातायात एवं रंगनाथ नगर पुलिस ने कटनी रेलवे स्टेशन और कटनी साउथ स्टेशन पर ऑटो रिक्शा चालकों को जागरूक करते हुए सुरक्षित एवं नशामुक्त जीवन का संदेश दिया।थाना कुठला में ग्राम एवं नगर सुरक्षा समिति के सदस्यों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई, जबकि थाना बरही पुलिस ने ग्राम बुजबुजा में पहुंचकर ग्रामीणों के बीच अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया।

### दुष्प्रभावों से कराया अवगत

थाना बहोरीबंद पुलिस ने जेपीजी मेमोरियल कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी। वहीं गुरुकुल विद्या मंदिर, झिंझरी में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई तथा निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग और चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों से अच्छे संस्कार अपनाने और नशे से दूर रहने का आह्वान किया। थाना कैमोर पुलिस ने एसीसी फैक्ट्री कैमोर में श्रमिकों के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए स्वस्थ एवं नशामुक्त जीवन अपनाने की अपील की।कटनी पुलिस ने अभियान के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक यह संदेश पहुंचाया कि नशामुक्त समाज ही स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य की आधारशिला है।

**नगर निगम द्वारा चलाया जा रहा जागरूकता अभियान**

## विद्यालय से बाजार तक गूंजा स्वच्छता का संदेश, किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में कटनी को देश के अग्रणी स्वच्छ शहरों की श्रेणी में स्थापित करने के उद्देश्य से नगर पालिका निगम कटनी द्वारा जन जागरूकता अभियान को निरंतर गति दी जा रही है।

निगम प्रशासन के निर्देशन में सहयोगी संस्था विजन की आईईसी टीम द्वारा शहर के विद्यालयों, वार्डों एवं प्रमुख बाजारों में पहुंचकर स्वच्छता, कचरा पृथक्करण तथा स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति नागरिकों को जागरूक कर रही है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 'सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ' अभियान के अंतर्गत विविध जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। अभियान के तहत वार्ड क्रमांक-21 स्थित सरस्वती शिशु



मंदिर स्कूल एवं एम.एस. मेमोरियल स्कूल में 'स्वच्छ हाथ गतिविधि' आयोजित की गई। विद्यार्थियों को हाथों की नियमित सफाई, व्यक्तिगत स्वच्छता, संक्रमण से बचाव तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की जानकारी दी गई। बच्चों को बताया गया कि स्वच्छ आदतें न केवल उन्हें बीमारियों से सुरक्षित रखती हैं, बल्कि समाज में स्वच्छता का संदेश फैलाने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

### कचरा पृथक्करण हेतु किया जागरूक

अभियान के तहत वार्ड क्रमांक-23 एवं 26 में चार बिन (4-बिन) आधारित कचरा पृथक्करण गतिविधि आयोजित कर नागरिकों को विभिन्न प्रकार के कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन की जानकारी दी गई। टीम ने घरों से ही कचरे का पृथक्करण करने तथा स्वच्छ वातावरण बनाए रखने की अपील की।

### दो वार्डों में चला विशेष जनसंपर्क अभियान

अभियान के अगले चरण में वार्ड क्रमांक-21 एवं 22 के गोल बाजार तथा लकी किराना स्टोर के समीप विशेष जनसंपर्क अभियान चलाकर आमजन एवं व्यापारियों



को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। लोगों से सार्वजनिक स्थलों पर कचरा न फैलाने, निर्धारित स्थान पर ही कचरा डालने तथा नगर निगम के स्वच्छता प्रयासों में सक्रिय सहयोग देने का आग्रह किया गया।

नगर निगम प्रशासन ने कहा है कि स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन केवल प्रशासनिक प्रयासों से नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से ही संभव है। इसी उद्देश्य से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर जन जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, ताकि स्वच्छता जन आंदोलन का रूप ले और कटनी स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुंदर शहर के रूप में नई पहचान स्थापित कर सके।

## जिले में 1618 किसानों से हुई 6622 क्विंटल से अधिक मूँग की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

विपणन वर्ष 2026-27 में जिले में समर्थन मूल्य पर मूंग उपार्जन कार्य जारी है। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर 1 जुलाई से प्रारंभ हुई खरीदी में जिले के 7 निर्धारित उपार्जन केंद्रों के माध्यम से अब तक 1618 किसानों से कुल 6622.30 क्विंटल मूंग की खरीदी की जा चुकी है। समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी 10 अगस्त 2026 तक जारी रहेगी। ऐसे में शेष पंजीकृत किसान समय सीमा के भीतर अपनी उपज उपार्जन केंद्रों पर विक्रय कर सकते हैं।

समर्थन मूल्य पर सीडब्ल्यूसी परिसर इन्द्रानगर में 257 किसानों से 1239.50 क्विंटल, पंचमुखी वेयर हाउस (बड़वारा/बसाड़ी) में 346 किसानों से 1029.50 क्विंटल, जय रूपनाथ वेयर हाउस (बहोरीबंद/बचैया) में 103 किसानों से 497.50 क्विंटल, मारुति वेयर हाउस (कांटी/विजयराघवगढ़) में 358 किसानों से 1524.42 क्विंटल, ललित राज वेयर हाउस (बड़वारा/बहरी) में 85 किसानों से 431.50 क्विंटल, तिवारी ब्रदर्स वेयर हाउस (बहोरीबंद/ स्लीमनाबाद) में 40 किसानों से 179.50 क्विंटल तथा उप कृषि उपज मंडी उमरियापान (ढीमरखेड़ा/ पानउमरिया) में 429 किसानों से 1720.38 क्विंटल मूंग की खरीदी की जा चुकी है।

उपार्जित मूंग के सुरक्षित भंडारण के लिए परिवहन कार्य भी निरंतर जारी है। अब तक कुल खरीदी में से 4104 क्विंटल मूंग का परिवहन किया जा चुका है, जो कुल खरीदी का लगभग 61.97 प्रतिशत है। इस वर्ष एफएक्यू (FAQ) गुणवत्ता वाली मूंग का समर्थन मूल्य 8,767 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। प्रशासन द्वारा उपार्जन केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

## क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशन में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) कटनी में जनशिक्षकों के पांच दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण का प्रथम चरण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस चरण में जिले के 43 जनशिक्षकों ने सहभागिता कर विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रबंधन संबंधी विषयों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान स्कूल मेंटरिंग, दीक्षा एवं स्वयं ऐप का प्रभावी उपयोग, टीम बिल्डिंग, अकादमिक नवाचार, इक्कीसवीं सदी के कौशल, आरपीडब्ल्यू एक्ट तथा प्रभावी स्कूल मॉनिटरिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्राचार्य एम.पी. डुंगडुंग ने कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के क्रियान्वयन हेतु डाइट की कार्ययोजना से प्रतिभागियों को अवगत कराया। स्त्रोत समूह के सदस्य राजेन्द्र असाटी, राकेश सिननरकर, हेमंत सामल, गिरीश चंद्र मौर्य एवं पुष्पराज पटेल ने व्यावहारिक उदाहरणों एवं गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षण को रोचक और प्रभावी बनाया। प्रशिक्षण के दौरान डीएलएड पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं एवं जनशिक्षकों के समूह बनाकर पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण तैयार करने का अभ्यास कराया गया, जिससे वे आगामी बैठकों में इस कौशल का उपयोग कर सकेंगे। इस अवसर पर सभी जन शिक्षा केंद्रों को कक्षा 6, 7 एवं 8 के लिए ई-मटेरियल फ्लेक्स के रूप में प्रदान किया गया, जिसे संबंधित केंद्र मुख्यालयों में प्रदर्शित किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी सच्चिदानंद पांडे, डीपीसी प्रेम नारायण तिवारी एवं सीमेट भोपाल से श्रीमती नीतू शर्मा ने प्रशिक्षण का अवलोकन कर इसकी गुणवत्ता एवं व्यवस्थाओं की सराहना की। कार्यक्रम के समापन अवसर पर जनशिक्षकों को बेहतर कार्य निष्पादन के लिए शपथ दिलाई गई।

खबर संक्षेप

### स्कूल में बच्चों को सिखाए स्वच्छता के गुर

**अनूपपुर।** नगर पालिका परिषद पसान के तत्वावधान में शनिवार को शासकीय प्राथमिक विद्यालय जमुना कालरी में 'स्वच्छता अपनाओ, बीमारी भगाओ' अभियान के तहत विशेष स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष राम अवध सिंह एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशांक आर्मो के निर्देशानुसार सहयोगी संस्था शुभम सेवी संस्थान के कार्यकर्ताओं ने विद्यार्थियों को स्वच्छता, स्वास्थ्य सुरक्षा और हाथ धोने के सही तरीके की जानकारी दी। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में कम उम्र से ही स्वच्छता के प्रति जागरूकता विकसित करना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। संस्था के सदस्यों ने बच्चों को समझाया कि स्वच्छता केवल किसी विशेष दिन या अभियान तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे दैनिक जीवन की आदत बनाना जरूरी है। बच्चों को विद्यालय, घर और आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। बरसात के मौसम में संक्रमण एवं विभिन्न मौसमी बीमारियों के बढ़ते खतरे को देखते हुए विद्यार्थियों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई। बच्चों को बताया गया कि साफ पानी का उपयोग, आसपास गंदगी न होने देना और व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखना बीमारियों से बचाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

10 माह से बिना वेतन काम कर रही लैब टेक्नीशियन

# कर्मचारी आईडी नहीं बनी तो अटक गई तनख्वाह

### पुष्पराजगढ़ अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल

### आर्थिक तंगी में परिवार चलाना हुआ मुश्किल, सीएमएचओ से शिकायत कर मांगा लंबित वेतन




**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था में मरीजों को बेहतर सेवाएं देने के दावे के बीच पुष्पराजगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करने वाला मामला सामने आया है। यहां पदस्थ लैब टेक्नीशियन बबिता बैगा पिछले करीब 10 माह से नियमित रूप से अपनी ड्यूटी कर रही हैं, लेकिन विभागीय स्तर पर कर्मचारी आईडी (एम्प्लाय आईडी) नहीं बनाए जाने के कारण उन्हें अब तक एक माह का भी वेतन नहीं मिल सका है। नियुक्ति के बाद लगातार अस्पताल में सेवाएं देने के बावजूद वेतन नहीं मिलने से महिला स्वास्थ्यकर्मी आर्थिक संकट से जूझ रही हैं। हालात इस कदर बिगड़ गए हैं कि परिवार की रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करना भी मुश्किल हो रहा है। परेशान होकर बबिता बैगा ने अब मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) अनूपपुर को लिखित शिकायत देकर विभागीय लापरवाही दूर कराने और लंबित वेतन का भुगतान कराने की मांग की है।

### अक्टूबर 2025 से लगातार दे रही सेवाएं

बबिता बैगा के आवेदन के अनुसार उन्होंने 04 अक्टूबर 2025 से लैब टेक्नीशियन (रेगुलर) के रूप में स्वास्थ्य विभाग में अपनी सेवाएं शुरू की थीं। कार्यभार संभालने के बाद से वह नियमित रूप से पुष्पराजगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ड्यूटी कर रही हैं। लैब टेक्नीशियन के रूप में अस्पताल आने वाले मरीजों की जांच संबंधी कार्यों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इसके बावजूद उनकी सेवा से जुड़ी मूलभूत प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। बताया गया कि कर्मचारी की एम्प्लाय आईडी वेतन भुगतान से जुड़ी महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। बबिता बैगा की कर्मचारी आईडी नहीं बनने के कारण उनका वेतन भुगतान शुरू ही नहीं हो सका। एक-दो माह नहीं, बल्कि करीब 10 माह तक यह स्थिति बनी हुई है। इस दौरान वह नियमित रूप से अस्पताल पहुंचकर अपनी ड्यूटी करती रहीं, लेकिन हर महीने वेतन की उम्मीद के बाद भी उनके खाते में तनख्वाह नहीं पहुंची।

### बार-बार अवगत कराने के बाद भी नहीं हुआ समाधान

शिकायतकर्ता का कहना है कि उन्होंने अपनी समस्या को लेकर संबंधित अधिकारियों और विभागीय कर्मचारियों को कई बार जानकारी दी। हर बार समस्या के समाधान की उम्मीद रही, लेकिन अब तक कर्मचारी आईडी नहीं बनाई जा सकी। इसके चलते वेतन भुगतान भी लंबित है। लंबे समय से वेतन नहीं मिलने के कारण अब आर्थिक परेशानियां बढ़ती जा रही हैं। लगातार 10 माह तक वेतन नहीं मिलने से बबिता बैगा के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उनका कहना है कि नौकरी के भरोसे परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करने की उम्मीद थी, लेकिन लंबे समय से वेतन नहीं मिलने के कारण दैनिक जरूरतों के लिए भी परेशानी उठानी पड़ रही है। घर के खर्च, आवश्यक सामान और अन्य जरूरतों को पूरा करना मुश्किल हो गया है। आर्थिक दबाव के चलते मानसिक तनाव भी बढ़ता जा रहा है।

### विभागीय व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल

इस मामले ने स्वास्थ्य विभाग की प्रशासनिक व्यवस्था पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। जब कर्मचारी ने 04 अक्टूबर 2025 से नियमित रूप से कार्यभार संभाल लिया था तो उसकी एम्प्लाय आईडी बनाने की प्रक्रिया समय पर क्यों पूरी नहीं की गई? नियुक्ति के बाद दस्तावेजों का सत्यापन, कर्मचारी का विभागीय रिकॉर्ड तैयार करना और वेतन भुगतान की प्रक्रिया पूरी करना संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी है। ऐसे में करीब 10 माह तक कर्मचारी आईडी नहीं बनना महज तकनीकी समस्या है या विभागीय स्तर पर गंभीर लापरवाही, यह जांच का विषय है।

### मरीजों की जांच करने वाली कर्मचारी खुद व्यवस्था की जांच के इंतजार में

पुष्पराजगढ़ जैसे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए लैब टेक्नीशियन की भूमिका महत्वपूर्ण है। अस्पताल में मरीजों की जांच और रिपोर्ट तैयार करने से जुड़े कार्यों के बीच कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी निभा रही हैं, लेकिन विडंबना यह है कि जो स्वास्थ्यकर्मी महीनों से मरीजों की सेवा कर रही है, वही अपने वेतन और कर्मचारी आईडी के लिए विभागीय दफ्तरों के चक्कर लगाने को मजबूर है। यदि समय पर प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी कर दी जाती तो आज उन्हें आर्थिक संकट का सामना नहीं करना पड़ता।

### सीएमएचओ को सौंपा आवेदन, कार्रवाई की उम्मीद

लंबे समय से समस्या का समाधान नहीं होने के बाद बबिता बैगा ने अब सीएमएचओ अनूपपुर को लिखित आवेदन सौंपा है। उन्होंने मामले में तत्काल हस्तक्षेप करते हुए कर्मचारी आईडी बनवाने और 04 अक्टूबर 2025 से अब तक का लंबित वेतन दिलाने की मांग की है। महिला स्वास्थ्यकर्मी को उम्मीद है कि जिला स्वास्थ्य विभाग मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब-तलब करेगा और जल्द से जल्द वेतन भुगतान की प्रक्रिया पूरी कराएगा।

### जिम्मेदारों पर कार्रवाई की भी जरूरत

करीब 10 माह तक किसी कर्मचारी का वेतन सिर्फ कर्मचारी आईडी नहीं बनने के कारण अटका रहना विभागीय निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़ा करता है। यदि आवेदन में लगाए गए आरोप सही पाए जाते हैं तो यह भी तय किया जाना चाहिए कि कर्मचारी की आईडी बनाने में देरी किस स्तर पर हुई और इसके लिए कौन जिम्मेदार है। केवल लंबित वेतन जारी करना ही पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि ऐसी प्रशासनिक लापरवाही दोबारा न हो, इसके लिए जिम्मेदारी तय करना भी जरूरी है। अब देखना होगा कि सीएमएचओ को शिकायत मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग इस मामले में क्या कार्रवाई करता है और करीब 10 माह से बिना वेतन के सेवाएं दे रही लैब टेक्नीशियन बबिता बैगा को उनका लंबित वेतन कब तक मिल पाता है।

# कोतमा पुलिस की कार्रवाई, 10 किलो गांजा के साथ दो गिरफ्तार, दो की तलाश जारी

### मोटरसाइकिल से गांजा लेकर कोतमा आ रहे थे आरोपी, 2.27 लाख का मशरूका जब्त




**कोतमा।** नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतमा पुलिस ने गांजा तस्करी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 9.865 किलोग्राम गांजा, एक मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन सहित करीब 2.27 लाख रुपए का मशरूका जब्त किया है। पूछताछ में आरोपियों ने गांजा मौहरी निवासी दो लोगों से लाना बताया है, जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार 26 जुलाई की रात थाना कोतमा पुलिस कस्बा एवं देहात क्षेत्र में भ्रमण कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि जमगांव-सेमरिया की ओर से एक मोटरसाइकिल में दो व्यक्ति सफेद बोरी में गांजा लेकर कोतमा की तरफ आने वाले हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक रत्नांबर शुक्ल के नेतृत्व में पुलिस टीम को रवाना किया गया। कुछ देर बाद जमगांव की ओर से एक मोटरसाइकिल आती दिखाई दी, जिस पर दो युवक सवार थे। पुलिस ने संदेह के आधार पर मोटरसाइकिल को रोककर दोनों युवकों से पूछताछ की। उनकी पहचान सूरज यादव पिता मुंशी यादव, उम्र 28 वर्ष, निवासी मौहरी और दिलीप साहू पिता जवाहर लाल साहू, उम्र 19 वर्ष, निवासी मौहरी टमकी टोला, चौकी फुनगा, थाना भालूमाड़ा के रूप में हुई।

### बोरी खोलते ही सामने आया गांजा

पुलिस ने संदेह के आधार पर दोनों के बीच रखी सफेद बोरी की तलाशी ली। बोरी के अंदर 9.865 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में पंचनामा कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गांजा, मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन जब्त किए। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत 1.50 लाख रुपए, मोटरसाइकिल की कीमत करीब 60 हजार रुपए और दोनों मोबाइल की कीमत करीब 17 हजार रुपए बताई गई है। कुल जब्त मशरूका करीब 2.27 लाख रुपए है।

### दो सप्लायरों के नाम बताए, तलाश शुरू

पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ धारा 8/20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि गांजा मौहरी निवासी परमानंद पनिका उर्फ गोलू और बेनीप्रसाद मेहरा से लेकर आए थे। पुलिस अब दोनों कथित सप्लायरों की तलाश में जुटी है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अनूपपुर विक्रांत मुराब के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी कोतमा के मार्गदर्शन में की गई। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक रत्नांबर शुक्ल, सउनि सुखीनंद यादव, प्रधान आरक्षक रामखेलावन यादव, दिनेश राठौर, संजीव त्रिपाठी, ऋषि पासी, आरक्षक अभय त्रिपाठी, स्वदेश चौहान, महिला आरक्षक सुप्रिया त्रिपाठी एवं चालक आरक्षक अनिल मरावी की



जैतहरी वॉलीबॉल और माइकल क्लब अनूपपुर कबड्डी में विजेता

# खेल मैदान से गूंजा नशामुक्ति का संदेश

### चित्रकला-रंगोली में बेटियों ने दिखाया हुनर

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** नशे के दुष्परिणामों के प्रति युवाओं और आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से रविवार को जिला खेल परिसर अनूपपुर में "नशे से दूरी है जरूरी" अभियान के तहत जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराब एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा प्रभारी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी जगन्नाथ मरकाम के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में खेल प्रतियोगिताओं के साथ चित्रकला, रंगोली और भाषण प्रतियोगिताएं हुईं। प्रतिभागियों ने खेल और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से नशे से दूर रहने का संदेश दिया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में जैतहरी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि राजनगर की टीम उपविजेता रही। कबड्डी में माइकल क्लब अनूपपुर ने विजेता का खिताब अपने नाम किया। चित्रकला प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल एमबी पावर जैतहरी की परिधि मिश्रा प्रथम, त्रिशिका जायसवाल द्वितीय और तनिष्का तृतीय रहीं। रंगोली में शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतहरी की सुनीता राठौर प्रथम, रचना राठौर द्वितीय तथा रीना प्रजापति तृतीय स्थान पर रहीं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम ने कहा कि नशा समाज के लिए गंभीर चुनौती है। इसे खत्म करने के लिए पुलिस, प्रशासन, खेल संगठनों, परिवारों और आमजन को मिलकर प्रयास करना होगा। युवाओं को खेलों से जोड़कर उनकी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा दी जा सकती है। कार्यक्रम के दौरान "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत जिला खेल परिसर के आसपास कटहल, नींबू, जामुन और अमरूद के पौधे लगाए गए। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों ने मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला खेल प्रशिक्षक एवं जिला वॉलीबॉल संघ के सचिव रामचंद्र यादव, ब्लॉक समन्वयक दिनेश कुमार सिंह चंदेल, खेलन प्रसाद कोल, मिथिलेश सिंह नेताम, पूरन सिंह श्याम सहित पुलिस एवं खेल विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, खिलाड़ी और बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दिनेश कुमार सिंह चंदेल ने किया।

फुलवारीटोला तिराहे पर दोपहिया वाहन चालक हो रहे हादसे का शिकार

# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क में बड़ा गड्ढा, हादसों को दे रहा न्योता






**हरिभूमि न्यूज रामनगर।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत फुलकोना अंतर्गत फुलवारीटोला तिराहे के पास प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाई गई सड़क पर इन दिनों एक बड़ा गड्ढा राहगीरों के लिए मुसीबत बन गया है। बारिश के कारण गड्ढे में पानी भर जाने से इसकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता और आए दिन दोपहिया वाहन चालक इसमें गिरकर घायल हो रहे हैं। वहीं चार पहिया वाहनों के लिए भी यह गड्ढा परेशानी का कारण बना हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार, गड्ढे से निकलते समय वाहनों के इंजन के नीचे लगे मोबिल चौंबर में जोरदार चोट लगने से वह फट रहा है, जिससे मोबिल सड़क पर फैलने के साथ वाहनों के बंपर सहित अन्य हिस्सों को भी नुकसान पहुंच रहा है। जानकारी के अनुसार पेंड्रा-चिरमिरी रोड से कोतमा लहसुई तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत करीब 10.210 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण 341.65 लाख रुपए की लागत से कराया गया है। सड़क निर्माण कार्य 21 अगस्त 2021 को प्रारंभ हुआ था, जिसे 31 मार्च 2025 को पूर्ण किया गया। सड़क का निर्माण मेसर्स दिव्या कंस्ट्रक्शन, सतना द्वारा किया गया है। निर्माण एवं परियोजना क्रियान्वयन का कार्य मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की परियोजना क्रियान्वयन इकाई अनूपपुर द्वारा कराया गया है।

### लहसुई मार्ग पर भी जगह-जगह गड्ढे

फुलवारीटोला तिराहे के अलावा इसी सड़क मार्ग पर लहसुई के समीप भी कई स्थानों पर गड्ढे हो गए हैं। बारिश के दिनों में इन गड्ढों में पानी भर जाने से सड़क और गड्ढे की स्थिति स्पष्ट दिखाई नहीं देती। ऐसे में दोपहिया वाहन चालक अनजाने में गड्ढों में चले जाते हैं और दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क का निर्माण हाल ही में पूरा हुआ है, इसके बावजूद जगह-जगह सड़क खराब होने लगी है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता और रखरखाव व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### हादसे के बाद भी नहीं हुई मरम्मत

ग्रामीणों के मुताबिक फुलवारीटोला तिराहे के पास बने बड़े गड्ढे से प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहन गुजरते हैं। सड़क पर पर्याप्त संकेतक या सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने के कारण रात और बारिश के दौरान खतरा और बढ़ जाता है। कई दोपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो चुके हैं। इसके बावजूद निर्माण एजेंसी द्वारा अब तक गड्ढे की मरम्मत नहीं कराई गई है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से तत्काल गड्ढों को भरवाने, सड़क की मरम्मत कराने तथा बारिश के दौरान दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था करने की मांग की है।

### इनका कहना है

आपके द्वारा फुलकोना तिराहा स्थित पेंड्रा-चिरमिरी रोड से कोतमा लहसुई सड़क मार्ग पर गड्ढे की जानकारी दी गई है। अतिशीघ्र ठेकेदार को निर्देशित कर गड्ढे की मरम्मत करा दी जाएगी।

**दीपेश रावल, महाप्रबंधक**
**मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण**
**परियोजना क्रियान्वयन इकाई, अनूपपुर**
**ग्रामीण विकास विभाग, मध्यप्रदेश शासन**

# आकाशीय बिजली का कहर, आम के पेड़ के नीचे चर रहे 11 मवेशियों की मौत

### किसानों पर टूटा आर्थिक संकट



**कोतमा।** कोतमा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम उरतान में रविवार दोपहर तेज आंधी, बारिश और आकाशीय बिजली ने भारी तबाही मचा दी। गांव में आम के पेड़ के नीचे चर रहे 11 मवेशियों पर आकाशीय बिजली गिरने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में ग्रामीण बाल-बाल बच गए, लेकिन पशुपालकों को लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। जानकारी के अनुसार, रविवार दोपहर करीब 3 बजे मौसम अचानक बिगड़ गया। तेज हवा, गरज-चमक और बारिश के बीच कई ग्रामीणों के मवेशी नरेंद्र गुरुजी के घर के सामने स्थित बगार में आम के पेड़ के नीचे चर रहे थे। इसी दौरान तेज गर्जना के साथ पेड़ पर आकाशीय बिजली गिर गई, जिसकी चपेट में आकर 11 मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है।

### सरपंच ने दी प्रशासन को सूचना

ग्राम पंचायत उरतान के सरपंच मान सिंह कंवर (गुड्डा) ने बताया कि घटना की सूचना तत्काल कोतमा थाना और पशु चिकित्सा विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही पशु चिकित्सकों की टीम मौके पर पहुंची और सभी मृत मवेशियों का पोस्टमार्टम किया। प्रशासन द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मोलिया बाई की एक गाय, हीरू बरगाही की एक गाय, उपसरपंच जगदीश यादव का एक बैल, आनंद राम यादव की एक गाय, तेजभान वर्मन की एक गाय, राम प्रमोद यादव की दो गाय, बद्री कंवर का एक बैल सहित अन्य ग्रामीणों के मवेशियों की मौत हो गई। एक साथ इतनी बड़ी संख्या में मवेशियों की मौत से कई किसान परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

### आंधी में मकान की सीमेंट सीटें भी उड़ीं

आंधी-तूफान का असर गांव के अन्य हिस्सों में भी देखने को मिला। ग्रामीण राजकुमार द्विवेदी के मकान की करीब 11 सीमेंट की सीटें तेज हवा के कारण उड़ गईं। हालांकि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। ग्रामीणों ने प्रशासन से प्राकृतिक आपदा के तहत प्रभावित पशुपालकों को शीघ्र मुआवजा देने की मांग की है। स्थानीय प्रशासन ने भी लोगों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान खुले स्थानों, पेड़ों और बिजली के खंभों के नीचे खड़े होने से बचें तथा मौसम संबंधी चेतावनियों का पालन करें।

**लोक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं तुलसी देवी मरावी पिता श्री थानसिंह मरावी आयु 37 वर्ष जाति गोंड, निवासी ग्राम सरवाही थाना राजेंद्रग्राम जिला अनूपपुर म.प्र. पिन 484881. निम्नलिखित घोषणा करती हूं, 1. मैं अपने पुत्र राज राष्ट्र नतुल सिंह आर्मो पिता नरेश सिह आर्मो (RAJ RASHTRA NATUL SINGH ARMO S/O NARESH SINGH ARMO) आयु 14 वर्ष (नाबालिक) की बली नैसर्गिक माँ हूँ, मेरे पुत्र की कक्षा 5वी 8वी की मार्कशीट आधार कार्ड, बीमा पालिसी, बैंक खाता प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, समग्र आई.डी. सर्विस बुक में बतौर नामिनी तथा एन पी. एस. में नाम तथा पिता का नाम राज राष्ट्र नतुल सिह आर्मो पिता नरेश सिह आर्मो (RAJ RASHTRA NATUL SINGH ARMO S/O NARESH SINGH ARMO) में आंशिक सुधार नतुल सिह पिता नरेश (NATUL SINGH S/O NARESH) दर्ज कराना है। 2. मैं यह पुष्टि करती हूं कि मार्कशीट तथा उपरोक्त वर्णित अन्य दस्तावेजो में दर्ज राज राष्ट्र नतुल सिह आर्मो पिता नरेश सिह आर्मो (RAJ RASHTRA NATUL SINGH ARMO S/O NARESH SINGH ARMO) और नतुल सिह पिता नरेश (NATUL SINGH S/O NARESH) एक ही व्यक्ति हैं, अर्थात, ये दोनों नाम मेरे पुत्र के हैं। 3. अपने इस निश्चय के प्रकट करने के प्रयोजनार्थ घोषणा करती हूं कि इसके पश्चात समस्त समयो पर समस्त अभिलेखों विलेखों तथा लेखो में समस्त कार्यवाहियो, व्यवहारो तथा संव्यवहारों में चाहे वे प्रायवेट हो या सरकारी हो समस्त अवसरों पर अपने पूर्व नाम राज राष्ट्र नतुल सिह आर्मो पिता नरेश सिह आर्मो के स्थान पर तथा उसकी जगह कुलनाम नतुल सिंह पिता नरेश (NATUL SINGH S/O NARESH) का ही उपयोग करूंगी / करेंगे और इसी नाम से हस्ताक्षर करेंगे। 4. मैं, व पुत्र नतुल सिंह पिता नरेश (NATUL SINGH S/0 NARESH), भारतीय नागरिक है। 5. अब से, मेरे पुत्र नतुल सिंह पिता नरेश (NATUL SINGH S/O NARESH) के नाम से जाना जाएगा जो सभी विधिक तथा ऑफिस कार्यों में उपयोग किया जायेगा। मैं यह घोषणा करती हूं कि उपरोक्त सभी विवरण मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य और सही है।

स्थान-पुष्पराजगढ,मध्य प्रदेश
तिथि: 25/07/2026
(तुलसी देवी मरावी पिता श्री थानसिह मरावी)
ग्राम सरवाही थाना राजेंद्रग्राम जिला अनूपपुर म.प्र.